Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779




Tue - 02 Jun - 2026 | Year - 01 | Issue - 58 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

# मनरेगा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर पंजाब सरकार, कैबिनेट मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने दिया समयबद्ध कार्रवाई का भरोसा



चंडीगढ़, 2 जून। पंजाब सरकार ने मनरेगा कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्हें शीघ्र और समयबद्ध तरीके से हल करने का आश्वासन दिया है। इसी क्रम में पंजाब के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री स. तरुनप्रीत सिंह सौंद ने चंडीगढ़ स्थित पी.एस.पी.सी.एल. गेस्ट हाउस में मनरेगा कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत बैठक की और उनकी विभिन्न लंबित मांगों एवं चिंताओं पर गंभीरता से चर्चा की।

बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के सचिव श्री अजित बालाजी जोशी तथा संयुक्त विकास आयुक्त-कम-कमिश्नर शैना अग्रवाल भी उपस्थित रहे। इस दौरान यूनियन प्रतिनिधियों ने सेवा शर्तों, रोजगार सुरक्षा, वेतन संबंधी मुद्दों तथा अन्य प्रशासनिक मांगों को मंत्री के समक्ष विस्तार से रखा। मंत्री ने सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकारियों को इनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

स. तरुनप्रीत सिंह सौंद ने कहा कि मनरेगा कर्मचारी ग्रामीण विकास कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के गांवों में बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार और सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मनरेगा कर्मचारियों का योगदान अत्यंत सराहनीय है। उनके समर्पण और मेहनत के कारण ही ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति मिली है।

मंत्री ने बताया कि पंजाब में मनरेगा योजना के अंतर्गत लगभग 2100 कर्मचारी कार्यरत हैं, जो गांवों में विकास कार्यों के संचालन और निगरानी में अहम जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और उनकी जायज़ मांगों पर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विचार किया जाएगा।

उन्होंने यूनियन प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार कर्मचारी हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार पारदर्शी, जवाबदेह और कर्मचारी-अनुकूल प्रशासन में विश्वास रखती है तथा कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का मनोबल मजबूत करना और उन्हें बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है।

स. सौंद ने कहा कि वर्तमान पंजाब सरकार केवल कर्मचारियों के ही नहीं बल्कि किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण शासन को अधिक प्रभावी बनाना, विकास परियोजनाओं को गति देना, रोजगार के अवसर बढ़ाना और लोगों को बेहतर नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराना है।

## किसान की बेटी बनी देश की शान, एयर फोर्स अकादमी मेरिट में हासिल किया पहला स्थान



चंडीगढ़, 2 जून। पंजाब के मोहाली स्थित माई भागो आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट (एएफपीआई) फॉर गर्ल्स की दो कैडेटों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया है। रूपनगर जिले के गांव पपराली के किसान परिवार से संबंध रखने वाली कैडेट महकप्रीत कौर ने एयर फोर्स अकादमी (एएफए) की मेरिट सूची में पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि अमृतसर जिले के गांव शहूरा की कैडेट कोमलप्रीत कौर ने नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए), खड़कवासला में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय स्तर पर 18वीं रैंक हासिल की है।

महकप्रीत किसान अमरजीत सिंह और रूपिंदर कौर की बेटी हैं, जबकि कोमलप्रीत के पिता गुरमीत सिंह भारतीय सेना में हवलदार हैं। दोनों कैडेटों की इस उपलब्धि ने पंजाब की बेटियों के लिए नई प्रेरणा पैदा की है।

## 'मेरी रसोई योजना' बनी गरीब परिवारों का सहारा, 4.50 लाख फूड किटें वितरित; धान खरीद सीजन की तैयारी शुरू



चंडीगढ़, 2 जून। पंजाब सरकार की जनकल्याणकारी 'मेरी रसोई योजना' के तहत अब तक 4.50 लाख फूड किटें जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाई जा चुकी हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने बताया कि योजना के अंतर्गत राज्य के लगभग 40 लाख गरीब परिवारों को पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रतिदिन करीब 50,000 फूड किटें लाभार्थियों में वितरित की जा रही हैं।

मंत्री ने बताया कि प्रत्येक फूड किट में दो किलो दाल, दो किलो चीनी, एक किलो नमक, 200 ग्राम हल्दी पाउडर और एक लीटर सरसों का तेल शामिल है।ये किटें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र परिवारों को पहले से दिए जा रहे गेहूं के अतिरिक्त प्रदान की जा रही हैं

# भंडारण संकट के समाधान के लिए केंद्र से लगातार संपर्क में पंजाब सरकार

चंडीगढ़, 2 जून। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य में अनाज भंडारण (स्टोरेज स्पेस) की चुनौती से निपटने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राज्य सरकार का कहना है कि किसानों के हितों की रक्षा और सुचारू खरीद व्यवस्था बनाए रखने के लिए भंडारण क्षमता बढ़ाना तथा केंद्र सरकार द्वारा समय पर अनाज की लिफ्टिंग सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

यह बात खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान स्वयं इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए समय-समय पर केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी के समक्ष उठाते रहे हैं। राज्य सरकार ने केंद्र को पंजाब में बढ़ते भंडारण दबाव और अनाज की नियमित निकासी की आवश्यकता से कई बार अवगत कराया है।

कटारूचक्क ने कहा कि पंजाब देश का प्रमुख कृषि



उत्पादक राज्य है और यहां हर वर्ष बड़ी मात्रा में गेहूं और धान की खरीद की जाती है। ऐसे में पर्याप्त भंडारण व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य के पास कुल 181 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) भंडारण क्षमता उपलब्ध है, जबकि विभिन्न एजेंसियों के पास रखे गए अनाज की कुल मात्रा 190 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच चुकी है। यह उपलब्ध भंडारण क्षमता का लगभग 105 प्रतिशत है, जिससे गोदामों पर अतिरिक्त दबाव बना हुआ है।

मंत्री ने कहा कि वर्तमान में पंजाब के पास चावल का 37.76 लाख मीट्रिक टन पुराना स्टॉक और लगभग 40 लाख मीट्रिक टन गेहूं का भंडार मौजूद है। इस स्थिति को नियंत्रित रखने और आगामी खरीद सीजन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराने हेतु केंद्र सरकार द्वारा नियमित रूप से अनाज की लिफ्टिंग की जानी आवश्यक है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य से हर महीने कम से कम 10 लाख मीट्रिक टन चावल और 10 लाख मीट्रिक टन गेहूं की निकासी अनिवार्य है। यदि यह प्रक्रिया निर्धारित गति से जारी रहती है, तो आने वाले महीनों में भंडारण संबंधी दबाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगले चार महीने इस दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं और राज्य सरकार इस मुद्दे पर लगातार निगरानी बनाए हुए है।

कटारूचक्क ने दोहराया कि पंजाब सरकार खरीद प्रक्रिया से जुड़े किसानों, आढ़तियों, श्रमिकों और अन्य सभी हितधारकों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## 'पंजाब शिक्षा क्रांति' का बड़ा असर: सरकारी स्कूलों के 59 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड 2026 में बनाई जगह



चंडीगढ़, 2 जून। पंजाब के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए देश की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक जेईई एडवांस्ड 2026 में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पंजाब के 59 विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, जो पिछले वर्ष 2025 में सफल हुए 44 विद्यार्थियों की तुलना में लगभग 34 प्रतिशत अधिक है। इस उपलब्धि को राज्य सरकार की 'पंजाब शिक्षा क्रांति' पहल की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने इस शानदार उपलब्धि पर सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम सरकारी स्कूल शिक्षा प्रणाली में आए सकारात्मक बदलावों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पंजाब के गांवों और साधारण परिवारों से आने वाले छात्र अब देश की सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर रहे हैं, जो राज्य के शिक्षा क्षेत्र में आई क्रांतिकारी सोच और सुधारों को दर्शाता है।

## गैंगस्टरों और नशा तस्करों पर पंजाब पुलिस का शिकंजा, 312 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 2 जून। पंजाब पुलिस ने 'गैंगस्टरों ते वार' अभियान के 133वें दिन राज्यभर में 499 स्थानों पर छापेमारी कर 221 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और 2 हथियार बरामद किए। इसके अलावा 81 लोगों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई तथा 3 भगोड़े अपराधियों को भी पकड़ा गया। अभियान शुरू होने के बाद कुल गिरफ्तारियों का आंकड़ा 33,340 तक पहुंच गया है।

वहीं 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के 458वें दिन पुलिस ने 91 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 910 ग्राम हेरोइन, 285 नशीली गोलियां और 5.07 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की। इस अभियान के तहत अब तक 66,282 नशा तस्कर गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस ने 11 लोगों को नशा मुक्ति और पुनर्वास उपचार के लिए भी प्रेरित किया। नागरिक गैंगस्टरों संबंधी गुप्त जानकारी एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 पर दे सकते हैं।



# herbegy™

Think pure think herbal

## PREMIUM SPICES RANGE

### Pure Spice. Rich Flavour.




**PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY**

Advertisement

**For Dealer Inquiry Contact:**

**727-515-0015**


Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.